# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

# ग्राम विकास अधिकारी (VDO) भर्ती परीक्षा, 2016

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि : 05-06-2016)

## भाग-I : हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता

**निर्देश (1–5) : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1. सूरदास के गुरु कौन थे?**

(a) रामानन्द (b) रामदास
(c) वल्लभाचार्य (d) विट्ठलनाथ

**Ans. : (c)** सूरदास हिन्दी साहित्य में भक्ति काल के कृष्ण अष्टछाप कवियों में अग्रणी हैं। महाकवि सूरदास वात्सल्य रस के सम्राट माने जाते हैं। सूरदास ने भगवत के द्वादश स्कंधों पर सवा लाख पदों की रचना की जिनमें से अब 500 पद ही उपलब्ध हैं जो 'सूर सागर' में संकलित हैं। ऐसा माना जाता है कि सूरदास जन्मांध थे लेकिन इस विषय में अभी भी मतभेद है। आगरा के समीप गऊघाट पर इनकी मुलाकात वल्लभाचार्य जी से हुई और वे उनके शिष्य बन गए। वल्लभाचार्य ने ही उनको पुष्टिमार्ग में दीक्षा देकर कृष्ण लीला के पद गाने का आदेश दिया था।

**2. छंद पढ़ते समय आने वाले विराम को क्या कहते हैं?**

(a) गति (b) यति
(c) तुक (d) गण

**Ans. : (b)** छंद में नियमित वर्ण या मात्रा पर साँस लेने के लिए रूकना पड़ता है, इसी रूकने के स्थान को 'यति' कहा जाता है। छोटे छंदों में साधारणतया यति चरण के अन्त में होती है, लेकिन बड़े छंदों में एक ही चरण में एक से अधिक 'यति' या 'विराम' होते हैं।

**3. जहाँ वाक्य की गति अन्तिम रूप ले ले, विचारों के तार टूट जाएँ, वहाँ किस चिन्ह का प्रयोग किया जाता है?**

(a) योजक (b) अल्पविराम
(c) उद्धरण चिन्ह (d) पूर्ण विराम

**Ans. : (d)** जहाँ वाक्य की गति अंतिम रूप ले ले और विचारों के तार टूट जाएं वहाँ पर पूर्ण विराम (।) का प्रयोग किया जाता है। इस चिन्ह का प्रयोग प्रश्नवाचक तथा विस्मयसूचक वाक्यों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के वाक्यों के अन्त में किया जाता है। योजक चिन्हों का प्रयोग सामाजिक पदों या पुनरक्त और युग्म शब्दों के मध्य किया जाता है। अल्पविराम (,) का प्रयोग वहाँ किया जाता है जहाँ अर्द्धविराम (;) की तुलना में थोड़ा कम रुकना होता है।

**4. अमर्ष क्या है?**

(a) एक काव्य दोष (b) एक संचारी भाव
(c) एक काव्य गुण (d) एक अलंकार

**Ans. : (b)** मन में आने-जाने वाले (संचरण करने वाले) भावों को संचारी भाव अथवा व्यभिचारी भाव कहा जाता है। संचारी भावों की कुल संख्या 33 हैं। अमर्ष भी एक संचारी भाव है जो विरोधी का अपकार करने की अक्षमता से उत्पन्न दुःख के कारण उत्पन्न होता है। यह अपने अपमान या तिरस्कार के कारण उत्पन्न क्षोभ है।

**5. कबीरदास की भाषा कौन–सी थी?**

(a) ब्रज (b) खड़ी बोली
(c) कन्नौजी (d) सधुक्कड़ी

**Ans. : (d)** संत कबीर दास (सन् 1398–सन् 1518) हिन्दी साहित्य के भक्ति काल के एकमात्र ऐसे कवि हैं जिन्होंने आजीवन समाज और लोगों के मध्य व्याप्त आडम्बरों का विरोध किया। कबीरदास की रचनाओं में अनेक भाषाओं के शब्द मिलते हैं, जैसे अरबी, फारसी, पंजाबी, ब्रजभाषा, खड़ी बोली, बुन्देलखंडी इत्यादि। जिस कारण इनकी भाषा को 'पंचमेल खिचड़ी' या 'सधुक्कड़ी' भाषा कहा जाता है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 6–7) : निम्नलिखित मुहावरों के लिए उचित विकल्प चुनिए।**

**6. ''द्रोपदी का चीर'' का अर्थ है–**

(a) नारी का अपमान करना (b) शर्मनाक कार्य
(c) कभी समाप्त न होना (d) सुन्दर स्त्री

**Ans. : (c)** 'द्रोपदी का चीर' मुहावरे का अर्थ 'कभी न समाप्त होने वाला' या 'अनन्त' है।

**7. ''कूप मंडूक होना'' का अर्थ है–**

(a) कुएँ में गिरना
(b) मूर्ख होना
(c) मात देना
(d) सीमित ज्ञान या सीमित अनुभव होना

**Ans. : (d)** 'कूप मंडूक होना' मुहावरे का अर्थ ''सीमित ज्ञान'' या 'सीमित अनुभव' होना है।

**8. इस प्रश्न में वाक्य के पहले और अन्तिम भाग को क्रमशः (1) और (6) की संख्या दी गई है। बीच में आने वाले अंश को चार भागों में बांटकर (य), (र), (ल), (व) संख्या दी गई है। यह चारों उचित क्रम में नहीं है। इन चारों को उचित क्रम में लगाइए। ताकि एक शुद्ध वाक्य का निर्माण हो।**

(1) सामाजिक जीवन में
(य) क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है
(र) मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से
(ल) यदि क्रोध न हो तो
(व) कष्टों की चिर निवृत्ति का
(6) उपाय ही न कर सके।

(a) य ल र व (b) व य र ल
(c) र य ल व (d) ल र व य

**Ans. : (a)** सही वाक्य 'सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है, यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरों के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिर निवृत्ति का उपाय ही न कर सके। अतः सही क्रम य, ल, र, व है।

**9. दिये गये वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन कीजिए।**

**पूरब और उत्तर के बीच की दिशा**

ROJGAR With ANKIT

(a) आग्नेय (b) ईशान
(c) वायव्य (d) नैऋत्य

**Ans. : (b)** पूरब और उत्तर के मध्य की दिशा को 'ईशान' कहा जाता है।

**10. ''वलय'' शब्द का अर्थ चिन्हित कीजिए।**

(a) वृक्ष की छाल (b) गोलाकार घेरा
(c) मृग छाल (d) आवरण

**Ans. : (b)** 'वलय' शब्द का शाब्दिक अर्थ 'गोलाकार घेरा' होता है।

**11. नीचे दिए गए शब्दों में से अव्ययीभाव समास का चयन कीजिए।**

(a) पाप–पुण्य (b) आजीवन
(c) घुड़सवार (d) पीताम्बर

**Ans. : (b)** जिस समास का पहला पद अव्यय तथा प्रधान हो, उसे अव्ययी भाव समास कहते है। जैसे- प्रतिदिन अनुरूप, आजन्म, आजीवन इत्यादि।

**12. ''ठीक समय पर आ जाना'' में कौन–सा कारक है?**

(a) कर्म (b) करण
(c) सम्प्रदान (d) अधिकरण

**Ans. : (d)** वह कारक जो क्रिया के समय, स्थान, अवसर आदि का बोध कराये तो वहाँ अधिकरण कारक होता है। जैसे-

चिड़िया पेड़ पर बैठी हैं।
ठीक समय पर आ जाना।
घड़े में पानी है।

**13. ''मंदिर – मंदिरा'' युग्म का उपयुक्त अर्थ वाला युग्म कौन सा होगा?**

(a) पूजाघर – पुजारी
(b) घर – सवारी
(c) गुफा – बड़ी गुफा
(d) देवालय – अश्वशाला

**Ans. : (d)** मंदिर का अर्थ है देवालय या पूजाघर। मंदिरा का अर्थ अश्वशाला होता है।

**14. निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है –**

(a) मेरे आते ही वर्षा होने लगी।
(b) उसके जाने के बाद वर्षा होने लगी।
(c) वह घर से निकला और वर्षा होने लगी।
(d) ज्यों ही वह घर से निकला, वर्षा होने लगी।

**Ans. : (d)** जिन वाक्यों में एक प्रधान उपवाक्य हो तथा दूसरा आश्रित (गौण) उपवाक्य हो तथा दोनों वाक्य आपस में जब-तब, जहाँ-वहाँ, अगर, तो इत्यादि से जुड़े हो तो उन वाक्यों को मिश्र वाक्य की श्रेणी में रखा जाता है। जैसे

ज्यों ही वह घर से निकला, वर्षा होने लगी।
राम नहीं आता तो गीता चली जाती।
जहाँ राधा नाचती है वहाँ भीड़ जुट जाती है।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 15–18) : काव्याशं को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

आज बरसों बाद उठी है इच्छा
हम कुछ कर दिखाएँ
एक अनोखा जश्न मनाएँ
अपना कोरा अस्तित्व जमाएँ
आज बरसों बाद सूखे पत्तों पर
बसंत ऋतु आई है
विचार रूपी कलियों पर
बहार खिल आई है
गहनता की फसल लहलहाई है
शायद इसी कारण
आज बरसों बाद
उठी है इच्छा हम कुछ कर दिखाएँ
अपना कोरा अस्तित्व जमाएँ।

**15. कवि के मन में इच्छा उत्पन्न हुई है ........।**

(a) कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य करने की
(b) मन से बातें करने की
(c) खुशियाँ मनाने की
(d) अपनी पहचान बनाने की

**Ans. : (a)** कवि के मन में **कुछ महत्वपूर्ण कार्य करने** की इच्छा उत्पन्न हुई है।

**16. 'सूखे पत्ते' प्रतीक हैं ............................।**

(a) पतझड़ के (b) अकाल के
(c) मन के सूनेपन के (d) शुष्कता के

**Ans. : (c)** प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने **मन के सूनेपन** की तुलना पेड़ के सूखे पत्ते से की है।

**17. किन कलियों पर बहार का आगमन हुआ है?**

(a) भाव रूपी कलियों पर (b) विचारों की कलियों पर
(c) छोटी नई कलियों पर (d) शुष्क कलियों पर

**Ans. : (b)** प्रश्न में दिए गए काव्यांश में कवि कहता है कि **विचार रूपी कलियों पर** बहार खिल आई है।

**18. 'गहनता की फ़सल' से कवि का क्या आशय है?**

(a) विचारों में परिपक्वता (b) अपना अस्तित्व
(c) लहलहाती फ़सलें (d) विचारों की गंभीरता

**Ans. : (a)** 'गहनता की फसल' से कवि का आशय 'विचारों की परिपक्वता' से है।

**19. रिक्त स्थान हेतु दिए गए विकल्पों में उचित विकल्प चुनिए।**

**रामू की .............केवल इसलिए हुई, क्योंकि राजीव उसकी .......... अधिक बुद्धिमान है।**

(a) अपेक्षा, अपेक्षा (b) अपेक्षा, उपेक्षा
(c) उपेक्षा, अपेक्षा (d) उपेक्षा, उपेक्षा

**Ans. : (c)** सही वाक्य रामू की **उपेक्षा** केवल इसलिए हुई, क्योंकि राजीव उसकी **अपेक्षा** अधिक बुद्धिमान था। अतः विकल्प (c) सही है।

**20. निम्न पंक्ति में सही अलंकार का चयन कीजिए।**

**पानी विच मीन प्यासी।**
**मोहि सुनि सुनि आवै हासी।।**

(a) विभावना (b) अतिशयोक्ति
(c) विशेषोक्ति (d) उपमा

**Ans. : (c)** जहाँ पर कारण के रहते हुए भी कार्य का न होना पाया जाय वहाँ 'विशेषोक्ति' अलंकार होता है। यहाँ मछली के पानी में रहते हुए भी मछली के प्यासे होने की बात कही जा रही है। अतः यहाँ विशेषोक्ति अलंकार होगा।

ROJGAR With ANKIT

**21. निम्नलिखित विकल्पों में से किस विकल्प में सभी शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ हैं?**

(a) राम, रामचरितमानस, गंगा
(b) कृष्ण, कामायनी, मिठास
(c) लखनऊ, आम, बुढ़ापा
(d) ममता, वकील, पुस्तक

**Ans. : (a)** वह संज्ञा जो किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान का बोध कराती है उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहा जाता है। जैसे - वाराणसी, रामायण, रामचरित मानस, गंगा, मोहन इत्यादि।

**22. निम्नलिखित में क्या 'गंगा' का पर्यायवाची नहीं है?**

(a) मंदाकिनी (b) भागीरथी
(c) कालिन्दी (d) सुरसरिता

**Ans. : (c)** गंगा का पर्यायवाची शब्द नदीश्वरी, त्रिपथगा, देवपगा, जाह्नवी, देवनदी, मंदाकिनी, भागीरथी, अमरतरंगिनी, सुरसरि, सुरसरिता, विष्णुपदी है। कालिन्दी यमुना का पर्यायवाची शब्द है।

**23. सही वर्तनी शब्द का चयन कीजिए।**

(a) अवन्नति (b) शृंगार
(c) मुशकिल (d) मात्रभूमि

**Ans. : (b)** शृंगार शब्द की वर्तनी शुद्ध है। अन्य का शुद्ध शब्द अवनति, मुश्किल, मातृभूमि होता हैं।

**24. समूहार्थक शब्द चिन्हित कीजिए।**

(a) पुरुष (b) स्त्री
(c) मनुष्य (d) भीड़

**Ans. : (d)** शब्द 'भीड़' समूह को दर्शाता है जबकि अन्य नहीं।

**25. ''आंशिक'' शब्द में प्रत्यय क्या है?**

(a) अ (b) क
(c) इक (d) शिक

**Ans. : (c)** जो शब्द अंश शब्दों के अन्त में जुड़कर उनके अर्थों में परिवर्तन लाते हैं, वे प्रत्यय कहलाते हैं। शब्द आंशिक में इक प्रत्यय है। 'इक' प्रत्यय से बने अन्य शब्द वैज्ञानिक, वैदिक, लौकिक, दैनिक इत्यादि हैं।

**26. नीचे दिए गए वाक्य के त्रुटिपूर्ण खण्ड को चिन्हित कीजिए, यदि कोई त्रुटि न हो तो (d) भाग को चिन्हित कीजिए।**

पुलिस द्वारा चोरी / का माल बरामद /
(a) (b)
हो गया है / कोई त्रुटि नहीं /
(c) (d)

**Ans. : (a)** शुद्ध वाक्य है 'पुलिस के द्वारा चोरी का माल बरामद हो गया है।'

**27. वधूर्मि का सन्धि विच्छेद है –**

(a) वधू + उर्मि (b) वधू + ऊर्मि
(c) वधु + उर्मि (d) वधु + ऊर्मि

**Ans. : (b)** दीर्घ संधि के अनुसार ह्रस्व या दीर्घ 'अ', 'इ', 'उ', के बाद क्रमशः समान ह्रस्व या दीर्घ 'ह्र', 'इ', 'उ' स्वर आएँ तो दोनों मिलकर दीर्घ (आ, इ, ऊ) हो जाते हैं। जैसे-

धर्म + अर्थ = धर्मार्थ
वधू + ऊर्मि = वधूर्मि
नारी + ईश्वर = नारीश्वर

**28. भिन्नार्थक शब्द का चयन कीजिए।**

(a) पावक (b) अनिल
(c) अनल (d) कृशानु

**Ans. : (b)** पावक, कृशानु तथा अनल अग्नि के पर्यायवाची शब्द हैं जबकि अनिल हवा का पर्यायवाची शब्द है।

**29. ''हर्ष'' का विलोम बताएँ–**

(a) खुशी (b) विषाद
(c) उल्लास (d) आनन्द

**Ans. : (b)** हर्ष का विलोम शब्द विषाद होता है।

**30. गँदला, मैला, मलिन किस शब्द के पर्यायवाची हैं?**

(a) प्रलय (b) धवल
(c) पंकिल (d) पामर

**Ans. : (c)** गंदला, मैला, मलिन, पंकिल सभी गंदा का पर्यायवाची शब्द है। धवल का अर्थ उजला, प्रलय का अर्थ विनाश, पामर का अर्थ दुष्ट, खल होता है।

## भाग-II : सामान्य बुद्धि परीक्षण

## Part-II : General Intelligence Test

**31. There are four candles which can burn for 5 hours, 4 hours, 3 hours and 2 hours respectively. All of them are lighted at the same time. They are kept lighted till the time 3 candles are finished. If the cost of lighting each candle is 1.5 per hour, what will be the total expenditure?**
**चार मोमबत्तियों जिनके जलने की क्षमता क्रमशः 5 घण्टे, 4 घण्टे, 3 घण्टे एवं 2 घण्टे हैं, को एक कक्ष में एक ही समय ज्वलित किया जाता है। उन्हें कक्ष में उस समय तक जलाया जाता है जब तक कक्ष में तीन मोमबत्तियाँ बुझ न जायें। यदि प्रत्येक मोमबत्ती को जलाने का खर्च ₹ 1.50 प्रति घण्टा हो तो कुल खर्च कितना होगा ?**

(a) ₹ 16.50 (b) ₹ 18.00
(c) ₹ 19.50 (d) ₹ 21.00

**Ans. : (c)** चारों मोमबत्तियों के 4 घंटे तक जलने का कुल खर्च

$= (4 + 4 + 3 + 2)\ 1.5$

$= 13 \times 1.5 = 19.5$ रु.

**32. If a clock show time as 7 hours 30 minutes then what will be the angle between hour hand and minute hand ?**
**यदि किसी घड़ी में 7 बजकर 30 मिनट हो रहे हों, तो उस समय घण्टे एवं मिनट की सुइयों के बीच कितने डिग्री का कोण बनेगा ?**

(a) $120^0$ (b) $95^0$
(c) $75^0$ (d) $45^0$


**Ans. : (d)** दोनों सुइयों के मध्य कोण $= \left(7 - \frac{30}{5}\right) \times 30 + \frac{30}{2}$

$= (7 - 6) \times 30 + \frac{30}{2}$

$= 30 + 15 = 45^0$

ROJGAR With ANKIT

**33.** **A dice has been shown in four different positions as follows. Which number is on the opposite surface of number 3 ?**
**नीचे एक पासे के चार प्रारूपों को दर्शाया गया है। इस पासे में अंक 3 के विपरीत फलक पर कौन सा अंक होगा ?**




(i) (ii) (iii) (iv)


(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 6

**Ans. : (c)** एक सतह common नियम से, आकृति (ii) और (iv) में कामन अंक वामावर्त घुमाकर क्रमशः लिखने पर

आकृति (ii) 2, 5, | 4 |
आकृति (iv) 2, 6, | 3 |


दिये गये पासों के आधार पर 3 के विपरीत 4, 1 के विपरीत 2 तथा 5 के विपरीत 6 होगा।

**34.** **How many rectangles are there in the given figure?**
**नीचे दी गई आकृति में कुल कितने चतुर्भुज हैं?**



(a) 20 (b) 22
(c) 27 (d) 29

**Ans. : (c)**




→ एक-एक अक्षरों से बने आयतों की संख्या = a, b, c, d, e, f, g, h, i, j अर्थात् 10

→ दो-दो अक्षरों से बने आयतों की संख्या = (a+b), (c+d), (e+f), (g+h), (i+j) अर्थात् 5

→ तीन-तीन अक्षरों से बने आयतों की संख्या = (a+c+e), (c+e+g), (b+d+f), (d+f+h) अर्थात् 4

→ चार-चार अक्षरों से बने आयतों की संख्या = (a+c+e+g), (b+d+f+h), (a+b+c+d), (c+e+d+f), (f+g+h+e) अर्थात् 5

→ पांच-पांच अक्षरों से बने आयतों की संख्या = (a+b+c+d+i), (f+g+h+e+j) अर्थात् 2

कुल अक्षरों से मिलकर बना आयत = 1

अतः कुल आयतों की संख्या = 10+5+4+5 + 2 + 1 = 27

**नोट :** प्रश्न में हिन्दी में चतुर्भुज लिखा गया है जबकि English में Rectangles (आयत) लिखा गया है। आयोग ने भी आयत मानकर उत्तर कुंजी [विकल्प (c)] जारी किया है।

**35.** **Ram is elder than Shyam by 315 days and Krishan is elder than Ram by 70 weeks. If Krishan was born on wednesday then which was the day on Shyam's birthday?**
**राम, श्याम से 315 दिन बड़ा है और कृष्ण, राम से 70 सप्ताह बड़ा है। यदि कृष्ण का जन्म बुधवार को हुआ था तो श्याम का जन्म किस दिन हुआ था?**

(a) Monday/सोमवार (b) Wednesday/बुधवार
(c) Friday/शुक्रवार (d) Saturday/शनिवार

**Ans. : (b)**

315 दिनों में विषम दिनों की संख्या = $\frac{315}{7}$ का शेषफल

= 0

अतः राम, श्याम तथा कृष्ण का जन्म दिन एक वार अर्थात् बुधवार को है।

**36.** **In a particular situation 'A' is 4 years elder to 'B'. 16 years later 'A' will be thrice of his present age and 'B' will be five times of his present age. Find the ages of 'A' and 'B' two years before the given situation.**
**एक स्थिति में 'A', 'B' से 4 वर्ष बड़ा है। इस स्थिति के 16 वर्ष बाद 'A' की आयु उसकी वर्तमान आयु की तीन गुना हो जायेगी और 'B' की आयु उसकी वर्तमान आयु की पाँच गुना हो जायेगी। यह बताइये कि शुरू की निर्दिष्ट स्थिति से 2 वर्ष पहले 'A' और 'B' की आयु क्या थी?**

(a) 6 years and 2 years/6 वर्ष और 2 वर्ष
(b) 10 years and 6 years/10 वर्ष और 6 वर्ष
(c) 8 years and 4 years/8 वर्ष और 4 वर्ष
(d) 12 years and 8 years/12 वर्ष और 8 वर्ष

**Ans. : (a)** माना B की उम्र x वर्ष है।

∴ A की उम्र = x+4

प्रश्नानुसार

$(x+4)3 = (x+4)+16$
$3x + 12 = x + 20$
$2x = 8$
$x = 4$

अतः A की उम्र = x + 4
= 4 + 4
= 8 वर्ष

∴ दो वर्ष पहले A और B की उम्र = 8 – 2 तथा 4 – 2 वर्ष
= 6 तथा 2 वर्ष

**37.** **A person travels from place 'A' to place 'B' at a speed of 40 km/hour. While returning he increases his speed by 50%. What would be his average speed for the entire trip?**
**एक व्यक्ति 'A' स्थान से 'B' स्थान तक 40 किमी प्रति घण्टा की गति से यात्रा करता है एवं अपनी गति 50% बढ़ाकर लौटता है। दोनों यात्राओं के लिये उसकी औसत गति क्या है?**

(a) 36 Km/hour / 36 किमी/घण्टा
(b) 45 Km/hour / 45 किमी/घण्टा

ROJGAR With ANKIT

(c) 48 Km/hour / 48 किमी/घण्टा

(d) 50 Km/hour / 50 किमी/घण्टा

**Ans. : (c)** A से B तक जाने में यात्री की गति = 40 किमी./घंटा

B से A तक आने में यात्री की गति = $40\times\frac{150}{100}$ = 60 किमी./घंटा

$\therefore$ औसत चाल = $\frac{2\times40\times60}{40+60}$

$=\frac{4800}{100}$

= 48 किमी./घंटा


**38. Six People A, B, C, D, E and F, are sitting in two rows with three people in each row. E is not sitting at any end of any row. D is sitting on the left of F and is at second place. C is sitting next to E and diagonally opposite to D. B is sitting next to F. On the basis of given information who is sitting opposite to B ?**

**छह व्यक्ति A, B, C, D, E और F, तीन व्यक्ति प्रति पंक्ति के अनुसार दो पंक्तियों में बैठे हैं। E किसी भी पंक्ति के अन्त में नहीं है। D, F के बाईं ओर दूसरे स्थान पर है। C, E का पड़ोसी है और D के विकर्णवत सम्मुख है। B, F का पड़ोसी है। उपरोक्त सूचना के आधार पर B के सम्मुख कौन है?**

(a) D (b) F

(c) A (d) E

**Ans. : (d)** प्रश्न में दिए गए सूचना के आधार पर व्यक्तियों का पंक्ति में स्थान निम्नवत है।




स्पष्ट है कि B के सामने E होगा।

**39. A water pump has a capacity to fill water at 10 liters per second. How much time will it take to fill the water tank of 80 cm × 60 cm × 50 cm?**

**10 लीटर प्रति सेकेण्ड के दर से पानी भरने वाले पम्प द्वारा 80 सेमी × 60 सेमी × 50 सेमी आकार का हौज भरने में कितना समय लगेगा?**

(a) 12 Seconds/12 सेकेण्ड

(b) 24 Seconds/24 सेकेण्ड

(c) 36 Seconds/36 सेकेण्ड

(d) 48 Seconds/48 सेकेण्ड

**Ans. : (b)** हौज का आयतन = ल. × चौ. × ऊँ

= 80 × 60 × 50 घन सेमी

= 240000 घन सेमी

= 240 लीटर ($\because$ 1000 सेमी.$^3$ = 1 लीटर)

हौज को भरने में लगा समय = $\frac{240}{10}$

= 24 सेकेण्ड

**40. There are six people L, M, N, P, Q and R each having different heights, N is taller than Q and P, but shorter than M. P is taller only to Q while R is shorter only from L. From the given options choose the one that shows the pair of tallest and shortest person in group.**

**छह व्यक्तियों L, M, N, P, Q और R में से प्रत्येक की लम्बाई अलग–अलग है। N, Q और P से लम्बा है परन्तु M से छोटा है। P सिर्फ Q से लम्बा है जबकि R सिर्फ L से छोटा है। निम्न में से कौन सा युग्म सबसे लम्बे और सबसे छोटे को प्रदर्शित करता है?**

(a) M and P/ M तथा P (b) P and Q/ P तथा Q

(c) M and L/ M तथा L (d) L and Q/ L तथा Q

**Ans. : (d)** प्रश्नानुसार व्यक्तियों के लम्बाई का सही क्रम

Q < P < N < M < R < L

अतः Q सबसे छोटा तथा L सबसे लम्बा है।

**41. Complete the series from the given options at (?) sign -**

**निम्नलिखित प्रश्न में दी गई श्रृंखला में प्रश्न वाचक चिन्ह (?) स्थान पर क्या आयेगा?**

**1331, 2197, 3375, 4913, ?**

(a) 8288 (b) 7110

(c) 6859 (d) 9826

**Ans. : (c)** श्रृंखला इस प्रकार है –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1331 | 2197 | 3375 | 4913 | 6859 |
| $(11)^3$ | $(13)^3$ | $(15)^3$ | $(17)^3$ | $(19)^3$ |

**42. If a rectangular block of 4×6×8 cm dimension is cut into small cubes of side 2 cm each, how many small cubes can be formed?**

**किसी आयताकार ब्लाक जिसका आयाम 4×6×8 सेमी है, को यदि 2 सेमी आयाम वाले छोटे-छोटे घनों में परिवर्तित कर दिया जाये, तो कुल कितने घन प्राप्त होंगे?**

(a) 12 (b) 24

(c) 36 (d) 48

**Ans. : (b)** आयताकार ब्लाक का आयतन = (4×6×8) घन सेमी.

छोटे घन का आयतन = 2 × 2 × 2 = 8 घन सेमी.

अभीष्ट घन की संख्या = $\frac{4\times6\times8}{8}$ = 4 × 6 = 24

**43. Ajay and Vijay are brothers. Ram is father of Vijay, Kamla is Ram's sister. Prema is Ram's niece. Shubha is maternal grand daughter of Kamla. How is Ajay related to Shubha?**

**अजय और विजय भाई हैं। राम विजय के पिता हैं। कमला राम की बहन है। प्रेमा राम की भाँजी है। शुभा कमला की नातिन है। अजय का शुभा से क्या सम्बन्ध है?**

(a) Brother/भाई


(b) Maternal Uncle's Son/ममेरा भाई

(c) Maternal Uncle/मामा

(d) Nephew/भाँजा

ROJGAR With ANKIT

**Ans. : (c)**




संबंध आरेख से स्पष्ट है कि अजय शुभा का मामा है।

**44. In a exam 70% candidates passed in paper-I and 60% candidates passed in paper-II. 15% candidates did not passed any paper, while 270 candidates passed in both papers. Find out total number of candidates appeared in the exam?**

**एक परीक्षा में 70% विद्यार्थी पेपर–I में उत्तीर्ण हुए और 60% विद्यार्थी पेपर–II में उत्तीर्ण हुए। 15% विद्यार्थी दोनों पेपरों में अनुत्तीर्ण हुए। जबकि 270 विद्यार्थी दोनों पेपरों में उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों की कुल संख्या कितनी है?**

(a) 600 (b) 580
(c) 560 (d) 540

**Ans. : (a)** पेपर I में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत

$= 100 - 70 = 30\%$

पेपर II में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रशित $= 100 - 60 = 40\%$

कुल अनुत्तीण विद्यार्थियां का प्रतिशत $= (40 + 30 - 15)$

$= 55\%$


कुल उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रशित $= 100 - 55 = 45\%$

$\therefore\ 45\% = 270$

$100\% = \frac{270}{45} \times 100 = 600$

**45. Examine the given figures carefully and identify the correct logical option that can replace (?) sign.**

**निम्नलिखित प्रश्न में दी गई शृंखला में प्रश्न वाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आयेगा?**




(a) 37 (b) 47
(c) 56 (d) 42

**Ans. : (d)** जिस प्रकार,

$\sqrt{1} + \sqrt{16} + \sqrt{9} + \sqrt{4} = 10$

तथा $\sqrt{64} + \sqrt{100} + \sqrt{16} + \sqrt{25} = 27$

उसी प्रकार,

$\sqrt{256} + \sqrt{144} + \sqrt{64} + \sqrt{36} = 42$

**46. In this question one word is given alongwith four options. There is only one option which cannot be made using the alphabets of the given word. Choose out the odd one-**

**इस प्रश्न में एक शब्द तथा उसके चार विकल्प दिये गये हैं। चार विकल्पों में से केवल एक ही विकल्प ऐसा है जो दिये गये शब्द के अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता। उस विकल्प को चुनिये।**

**INTERVENTION**

(a) ENTER (b) INVENTION
(c) INTENTION (d) ENTERTAIN

**Ans. : (d)** मूल शब्द में INTERVENTION अक्षर A नहीं है इसलिए शब्द ENTERTAIN नहीं बनाया जा सकता है।

**47. Choose the correct alternative from the given ones that will complete the series at (?) -**

**निम्नलिखित दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आयेगा?**

**1, 5, 14, 30, 55, 91, ?**

(a) 121 (b) 136
(c) 142 (d) 140

**Ans. : (d)** श्रृंखला इस प्रकार है–

1, 5, 14, 30, 55, 91, **140**

+4, +9, +16, +25, +36, +49

$(2)^2$, $(3)^2$, $(4)^2$, $(5)^2$, $(6)^2$, $(7)^2$

**48. Two group of numbers to the left side of the sign :: are related to each other in a logical manner. Select one number from the given options to replace (?) sign in the same logical manner.**

**निम्न प्रश्न में चिन्ह के बाईं ओर दी गई संख्याओं के अनुरूप दाईं ओर दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर सही विकल्प बतायें?**

**11529 : 72135 :: 23687 : ?**

(a) 36999 (b) 47261
(c) 12968 (d) 69981

**Ans. : (c)** जिस प्रकार

$1 + 1 + 5 + 2 + 9 = 18$

तथा $7 + 2 + 1 + 3 + 5 = 18$

उसी प्रकार

$2 + 3 + 6 + 8 + 7 = 26$

तथा $1 + 2 + 9 + 6 + 8 = 26$

**49. Find the missing number in the following series at (?) -**

**निम्नलिखित दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आयेगा ?**

$\frac{4}{9}, \frac{9}{20}, ?, \frac{39}{86}$

(a) $\frac{17}{40}$ (b) $\frac{19}{42}$

(c) $\frac{20}{45}$ (d) $\frac{29}{153}$

ROJGAR With ANKIT

**Ans. : (b)** शृंखला निम्नवत् है -

| | | | |
|---|---|---|---|
| | +5 | +10 | +20 |
| $\frac{4}{9}$ | $\frac{9}{20}$ | $\frac{19}{42}$ | $\frac{39}{86}$ |
| | +11 | +22 | +44 |

**50. In this question four words have been given out of which three are alike in some manner and fourth one is different. Choose out the odd one-**
**इस प्रश्न में दिये गये चार विकल्पों में से तीन विकल्प तार्किक रूप से सम्बन्धित हैं। उस शब्द को चुनिये जो अलग है –**

(a) Acharya Kriplani/आचार्य कृपलानी
(b) Dr. Radha Krishnan/डॉ. राधाकृष्णन
(c) C.V. Raman/सी. वी. रमन
(d) Rajagopalachari/राजगोपालाचारी

**Ans. : (a)** आचार्य कृपलानी को छोड़कर शेष सभी व्यक्तियों को भारत रत्न दिया गया है।

## भाग-III : सामान्य ज्ञान
## Part-III : General Knowledge

**51. For the year 2016-17, in terms of defence budget, what is India's ranking as compared to other countries of the world?**
**विश्व में वर्ष 2016–17 के रक्षा बजट पर भारत का विभिन्न देशों की तुलना में कौन सा स्थान है?**

(a) Second/दूसरा (b) Fourth/चौथा
(c) Fifth/पाँचवा (d) Sixth/छठा

**Ans. : (b)** वर्ष 2016–17 के आम बजट के रक्षा बजट पिछले वर्ष की तुलना में 9.7% की, वृद्धि की गई, जिस कारण भारत विभिन्न देशों की तुलना में 6वें स्थान से दो स्थान ऊपर (4वें) आ गया। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2017-18 के रक्षा बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 6.2% की वृद्धि की गयी, जिस कारण भारत विभिन्न देशों की तुलना में 5वें स्थान पर आ गया। वर्ष 2016–17 में रक्षा बजट के लिए 2.58 लाख करोड़ रुपये तथा 2017-18 के रक्षा बजट के लिए 2.74 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**52. The Second Battle of Panipat was fought between-**
**पानीपत का द्वितीय युद्ध किनके बीच लड़ा गया था?**

(a) Babur - Lodhi/बाबर – लोधी
(b) Akbar - Hemu/अकबर – हेमू
(c) Ali Raja - Chandragupta Maurya/ अली रजा – चन्द्रगुप्त मौर्य
(d) Akbar - Lodhi/अकबर – लोधी

**Ans. : (b)** पानीपत का द्वितीय युद्ध 5 नवम्बर, 1556 ई. को अफगान शासक आदिलशाह सूर के वीर हिन्दू सेना नायक हेमचंद्र विक्रमादित्य (हेमू) और मुगल बादशाह अकबर के मध्य हुआ था। युद्ध का प्रारम्भिक क्षण हेमू के पक्ष में जा रहा था लेकिन उसकी आँख में एक तीर लग जाने के कारण वह आपा खो बैठा। अकबर के संरक्षक बैरम खाँ ने हेमू को गिरफ्तार करके मरवा दिया तथा पानीपत का द्वितीय युद्ध जीत लिया।

**53. For the year 2016, which Indian player has qualified for boxing in Olympics?**
**किस भारतीय खिलाड़ी ने वर्ष 2016 की ओलम्पिक प्रतियोगिता में बॉक्सिंग खेल हेतु योग्यता प्राप्त की है?**

(a) Devendro Singh/देवेन्द्रो सिंह
(b) Vijendra Singh/विजेन्द्र सिंह
(c) Shiva Thapa/शिवा थापा
(d) Dinesh Kumar/दिनेश कुमार

**Ans. : (c)** भारतीय खिलाड़ी शिवा थापा ने वर्ष 2016 की ओलम्पिक प्रतियोगिता में बाक्सिंग खेल हेतु योग्यता प्राप्त की है।

**54. Who preceded Chakravarti Rajagopalachari as the Governor General of India?**
**चक्रवर्ती राजगोपालाचारी से पूर्व भारत के गवर्नर जनरल कौन थे?**

(a) Lord Mountbatten/लार्ड माउन्टबेटन
(b) Lord Irwin/लार्ड इरविन
(c) Warren Hastings/वारेन हेस्टिंगस
(d) Lord Memo/लार्ड मेमो

**Ans. : (a)** लार्ड माऊन्टबेटन (लुई फ्रांसिस एल्बर्ट विक्टर निकोलस) स्वतंत्र भारत के पहले तथा चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के पूर्व भारत के गवर्नर जनरल थे। वारेन हेस्टिंग बंगाल का प्रथम गवर्नर जनरल था।

**55. What is the percentage of IRON, in chemical composition of earth?**
**पृथ्वी की संरचना में रसायनिक लौह तत्व (IRON) की कितनी मात्रा होती है?**

(a) Approximately 20% - 22%/लगभग 20%-22%
(b) Approximately 25% - 27%/लगभग 25%-27%
(c) Approximately 40% - 42%/लगभग 40%-42%
(d) Approximately 32%-35%/लगभग 32%-35%

**Ans. : (d)** पृथ्वी की संरचना में आयरन (32.1%), ऑक्सीजन (30.17%), सिलिकान (15.1%), मैग्नीशियम (13.9%), सल्फर (2.9%), निकिल (1.8%), कैल्सियम, एल्युमीनियम तथा शेष अन्य तत्व पाये जाते हैं। भू-रसायन शास्त्री एफ.डब्ल्यू क्लार्क के अनुसार पृथ्वी की भू पर्पटी में लगभग 47% ऑक्सीजन है।

**56. According to population census 2011, what is the population density of Uttar Pradesh state?**
**वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर उत्तर-प्रदेश राज्य की जनसंख्या घनत्व क्या है?**

(a) 661 Per Sq. Km./661 प्रति वर्ग किलोमीटर
(b) 573 Per Sq. Km./573 प्रति वर्ग किलोमीटर
(c) 828 Per Sq. Km./828 प्रति वर्ग किलोमीटर
(d) 785 Per Sq. Km./785 प्रति वर्ग किलोमीटर

**Ans. : (c)** वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर उत्तर प्रदेश राज्य का जनसंख्या घनत्व 828 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। 1 किलोमीटर के क्षेत्रफल में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहा जाता है।

**57. What is the percentage increase of annual budget estimates of Uttar Pradesh for the year 2016-17 as compared to the original budget estimates of Uttar Pradesh for the year 2015-16?**

ROJGAR With ANKIT

**उत्तर प्रदेश राज्य का वर्ष 2016-17 का वार्षिक बजट अनुमान वर्ष 2015-16 के वास्तविक बजट अनुमान की तुलना में कितने प्रतिशत अधिक हुआ है?**

(a) 20.12% (b) 18.60%
(c) 14.61% (d) 12.10%

**Ans. : (c)** उत्तर प्रदेश राज्य का वर्ष 2016–17 का वार्षिक बजट अनुमान वर्ष 2015–16 के वास्तविक बजट अनुमान की तुलना में 14.61% अधिक हुआ है। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश का 2018-19 का वार्षिक बजट पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 11.4% की वृद्धि हुई है।

**58. What is the radius of earth?**
**पृथ्वी का अर्धव्यास कितना है?**

(a) 5999 Kilometer/किलोमीटर
(b) 6371 Kilometer/किलोमीटर
(c) 6990 Kilometer/किलोमीटर
(d) 9066 Kilometer/किलोमीटर

**Ans. : (b)** पृथ्वी सूर्य से दूरी के क्रम में तीसरा तथा आकार में 5वाँ बड़ा ग्रह है। अब तक ज्ञात उपग्रहों में यह एकमात्र ऐसा उपग्रह है, जिस पर जीवन संभव है। इसका विषुवतीय त्रिज्या 6378 किलोमीटर तथा ध्रुवीय त्रिज्या 6357 किलोमीटर है। पृथ्वी की औसत त्रिज्या 6371 किलोमीटर तथा कुल क्षेत्रफल 510100,000 वर्ग किमी है।

**59. Which district in Uttar Pradesh has the highest sex ratio?**
**उत्तर प्रदेश राज्य में किस जनपद में लिंग अनुपात सबसे अधिक है?**

(a) Azamgarh/आजमगढ़ (b) Deoria/देवरिया
(c) Gorakhpur/गोरखपुर (d) Jaunpur/जौनपुर

**Ans. : (d)**

| उत्तर प्रदेश राज्य के जिले | लिंगानुपात |
|---|---|
| आजमगढ़ | 1019 |
| देवरिया | 1017 |
| गोरखपुर | 944 |
| जौनपुर | 1024 |

**60. Who amongst the following has never served as Governor in the Uttar Pradesh state?**
**निम्न में से किसने उत्तर प्रदेश राज्य के राज्यपाल का पदभार कभी नहीं संभाला?**

(a) Sh. Chandra Bhanu Gupta/श्री चन्द्र भानू गुप्ता
(b) Sh. H.P. Mody/श्री एच.पी. मोदी
(c) Sh. Kanaiyalal Maneklal Munshi/श्री कन्हैयालाल मणिकलाल मुन्शी
(d) Sh. Burgula Ramakrishna Rao/श्री बुर्गुला रामकृष्ण राव

**Ans. : (a)** श्री हारमसजी पेरोशा मोदी (1945-1952), श्री कन्हैयालाल माणिक लाल मुन्शी (1952-1957) तथा श्री बुर्गुला रामकृष्ण राव (1960-1962) उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रह चुके हैं। श्री चन्द्र भानु गुप्ता उत्तर प्रदेश के राज्यपाल कभी नहीं रहे।

**61. For which movement Mahatma Gandhi gave the slogan "Do or Die"?**
**किस आन्दोलन के लिए महात्मा गाँधी द्वारा ''करो या मरो'' का नारा दिया गया था?**

(a) Poorna Swaraj Resolution/पूर्ण स्वराज आन्दोलन
(b) Quit India movement/भारत छोड़ो आन्दोलन
(c) Dandi March (Salt March) movement/डांडी मार्च (नमक सत्याग्रह) आन्दोलन
(d) Khilafat movement/खिलाफत आन्दोलन

**Ans. : (b)** 'करो या मरो' का नारा महात्मा गाँधी ने भारत छोड़ो आन्दोलन के समय दिया था, जिसका अर्थ, 'भारत की जनता देश की आजादी के लिए हर तरह का प्रयत्न करे' था। आन्दोलन के दौरान 8 अगस्त, 1942 ई. को अखिल भारतीय कांग्रेस की बैठक बम्बई के ग्वालिया टैंक में हुई थी जहाँ कुछ संशोधन के बाद 'भारत छोड़ो आन्दोलन' को स्वीकार कर लिया गया। 9 अगस्त को भोर में ही 'आपरेशन जीरो आवर' के तहत कांग्रेस के महत्वपूर्ण नेताओं को अंग्रेजों ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन भारत छोड़ो आन्दोलन को नहीं रोक पाये, क्योंकि इस आन्दोलन का नेतृत्व भारत की प्रत्येक जनता खुद कर रही थी।

**62. When is the "International Women's Day" celebrated?**
**''अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस'' कब मनाया जाता है?**

(a) $8^{th}$ March/8 मार्च
(b) $8^{th}$ August/8 अगस्त
(c) $5^{th}$ September/5 सितम्बर
(d) $9^{th}$ November/9 नवम्बर

**Ans. : (a)** 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को विश्व भर में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य महिलाओं को उनकी क्षमता, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक तरक्की दिलाने तथा उन महिलाओं को याद करने का दिन है जिन्होंने महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने में अथक प्रयास किया है।

**63. Which planet of our solar system is also known as 'Red Planet'?**
**किस ग्रह को 'लाल ग्रह' के नाम से भी जाना जाता है?**

(a) Mars/मंगल ग्रह (b) Venus/शुक्र ग्रह
(c) Mercury/बुध ग्रह (d) Jupiter/बृहस्पति ग्रह

**Ans. : (a)** सौर मण्डल में मंगल ग्रह सूर्य से दूरी के क्रम में चौथा, आकार में सातवाँ सबसे बड़ा ग्रह है। इस ग्रह पर आयरन ऑक्साइड की अधिकता के कारण पृथ्वी से देखने पर इसकी छवि लाल दिखती है जिसके कारण इसे लाल ग्रह कहा जाता है। मंगल ग्रह को 'युद्ध के भगवान' के नाम से भी जाना जाता है।

**64. Who was the founder of 'Arya Samaj'?**
**''आर्य समाज'' की स्थापना किसने की थी?**

(a) Raja Ram Mohan Roy/राजा राम मोहन राय
(b) Swami Vivekanand/स्वामी विवेकानन्द
(c) Swami Dayanand Saraswati/स्वामी दयानन्द सरस्वती
(d) Raja Radhakant Dev/राजा राधाकांत देव

**Ans. : (c)** स्वामी दयानन्द सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना अप्रैल, 1975 में मुम्बई में किया था, जिसका उद्देश्य वैदिक धर्म को शुद्ध रूप से स्थापित करना, भारत को धार्मिक सामाजिक व राजनीतिक रूप से एक सूत्र में बांधना तथा पाश्चात् प्रभाव को समाप्त करना था।

ROJGAR with ANKIT

**65. In which year, was Urdu declared as second official language of Uttar Pradesh?**
**उत्तर प्रदेश राज्य में उर्दू को द्वितीय राजभाषा कब घोषित किया गया?**

(a) वर्ष 1986 में (b) वर्ष 1982 में
(c) वर्ष 1989 में (d) वर्ष 1991 में

**Ans. : (c)** 'उत्तर प्रदेश शासकीय भाषा संशोधन अधिनियम, 1989' के द्वारा राज्य में शासकीय कार्यों के लिए उर्दू को दूसरी राजभाषा घोषित किया गया था।

**66. Which place out of the following is not related to production of steel?**
**निम्न में से कौन सा स्थान स्टील निर्माण से सम्बन्धित नहीं है?**

(a) Jamshedpur, Jharkhand/जमशेदपुर, झारखण्ड
(b) Burnpur, West Bengal/बर्नपुर, पश्चिम बंगाल
(c) Jharia, Jharkhand/झरिया, झारखण्ड
(d) Durgapur, West Bengal/दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल

**Ans. : (c)** झरिया, झारखण्ड राज्य का एक शहर है, जो कोयला उत्पादन के लिए जाना जाता है।

**67. Which Lokayukta of the following in Uttar Pradesh has served the office, for maximum period of time?**
**उत्तर प्रदेश राज्य में निम्न में से किस लोकायुक्त का कार्यकाल सर्वाधिक रहा है?**

(a) Justice Mirza Mohd. Murtala Hussain/ न्यायमूर्ति मिर्जा मोहम्मद मुर्तला हुसैन
(b) Justice Kailash Nath Goyal/ न्यायमूर्ति कैलाश नाथ गोयल
(c) Justice N.K. Mehrotra/न्यायमूर्ति एन.के. मेहरोत्रा
(d) Justice Sudhir Chandra Verma/ न्यायमूर्ति सुधीर चन्द्र वर्मा

**Ans. : (c)** उत्तर प्रदेश के लोकायुक्तों में सर्वाधिक लम्बा कार्यकाल न्यायमूर्ति एन. के. मेहरोत्रा का है, जो 16 मार्च, 2006 से 30 जनवरी 2016 तक पद पर बने रहे। न्यायमूर्ति मुर्तला हुसैन वर्ष 1983 से वर्ष 1989 तक, न्यायमूर्ति कैलाश नाथ गोयल वर्ष 1989 से वर्ष 1995 तक तथा न्यायमूर्ति सुधीर चन्द्र वर्मा वर्ष 2000 से वर्ष 2006 तक लोकायुक्त के पद पर रहे। वर्तमान में उत्तर प्रदेश के लोकायुक्त संजय मिश्र है।

**68. From where has the national emblem of India been taken?**
**भारत का राष्ट्र चिन्ह कहाँ से लिया गया है?**

(a) Bodh Vihar, Gaya/गया स्थित बौद्ध विहार से
(b) Kolkata Museum/कोलकाता स्थित संग्रहालय से
(c) Patna Museum/पटना स्थित संग्रहालय से
(d) Ashoka Pillar, Sarnath/ सारनाथ स्थित अशोक स्तम्भ से

**Ans. : (d)** भारत का राष्ट्रचिन्ह सारनाथ स्थित अशोक स्तम्भ से लिया गया है, जो सारनाथ के संग्रहालय में सुरक्षित है। इसके मूल स्तम्भ में चार सिंह है, जो एक दूसरे की ओर पीठ किए हुए हैं। इसके नीचे घंटे के आकार के ऊपर एक चिन्ह वल्लरी में एक हाथी, चौकड़ी भरता हुआ एक घोड़ा, एक सिंह तथा एक सांड़ की उभरी हुई मूर्तियां हैं। एक ही पत्थर को काटकर बनाए गए इस सिंह स्तम्भ के ऊपर कानून का धर्म चक्र रखा हुआ है। भारत सरकार ने 26 जनवरी, 1950 को अशोक चिन्ह को राजकीय प्रतीक स्वीकार किया।

**69. Under the "Kanya Vidya Dhan Yojna", the Government of Uttar Pradesh awards the motivational prize money, after clearing/passing which class?**
**"कन्या विद्या धन योजना" के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किस कक्षा में उत्तीर्ण होने पर प्रोत्साहन हेतु धनराशि दी जाती है?**

(a) $5^{th}$/पाँचवी कक्षा (b) $8^{th}$/आठवीं कक्षा
(c) $10^{th}$/दसवीं कक्षा (d) $12^{th}$/बारहवीं कक्षा

**Ans. : (d)** 'कन्या विद्या धन योजना' के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इण्टरमीडिएट पास होने वाली सभी छात्राओं को प्रोत्साहन दी जाती है। 'कन्या विद्या धन योजना' की शुरूआत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश सिंह यादव ने वर्ष 2012-13 में शुरू किया था। जिसमें पात्र छात्राओं को 30,000 रु. की धनराशि प्रदान की गई। वर्ष 2013-14 में यह धनराशि घटा कर 20,000 रु. कर दी गई। वर्तमान में प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना के तहत पात्र छात्राओं को लैपटाप वितरित करने का प्रावधान किया गया है।

**70. Which of the following hill station is located at the highest from the sea level?**
**निम्न में से किस पर्वतीय स्थान की ऊँचाई समुद्र तल से सबसे अधिक है?**

(a) Darjeeling/दार्जिलिंग (b) Ooty/ऊटी
(c) Shimla/शिमला (d) Dalhousie/डलहौजी

**Ans. : (b)**

| पर्वतीय स्थान | समुद्र तल से ऊँचाई (मीटर में) |
|---|---|
| दार्जिलिंग | 2050 |
| ऊटी | 2240 |
| शिमला | 2202 |
| डलहौजी | 1970 |

**71. On recommendation of which of the following, the provisions for fundamental duties were added to the Constitution of India?**
**निम्न में से किस एक की संस्तुति के आधार पर मूल कर्तव्यों से सम्बन्धित प्रावधानों को भारत के संविधान में जोड़ा गया था?**

(a) Balwant Rai Mehta Committee/ बलवंत राय मेहता समिति की
(b) Swarn Singh Committee/स्वर्ण सिंह समिति की
(c) Iyengar Committee/आयंगर समिति की
(d) Thakkar Commission/ठक्कर आयोग की

**Ans. : (b)** सरदार स्वर्ण सिंह समिति की संस्तुति के आधार पर मूल कर्तव्यों से सम्बन्धित प्रावधानों को 42वें संशोधन अधिनियम 1976 के द्वारा भारत के संविधान में जोड़ा गया। बलवंत राय मेहता समिति पंचायती राज से, आयंगर समिति केन्द्रीय संगठन के पुनर्गठन से तथा ठक्कर आयोग इंदिरा गाँधी हत्याकाण्ड से संबंधित हैं।

**72. Who has been awarded OSCAR in the year 2016 for documentary film category?**
**वर्ष 2016 में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र श्रेणी में किस ने ऑस्कर प्राप्त किया?**

(a) A.R. Rehman/ए. आर. रहमान ने
(b) Asif Kapadia/आसिफ कपाडिया ने
(c) Deepa Mehta/दीपा मेहता ने
(d) R. Balki/आर. बालकी ने

ROJGAR With ANKIT

**Ans. : (b)** वर्ष 2016 में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र श्रेणी में फिल्म 'एमी' के लिए 'आसिफ कापाडिया' तथा 'जेम्स-ग्रे-रीस' को प्रदान किया गया।

**73. Recently Samajwadi Government in Uttar Pradesh has approved an increase in monthly pesion for oldage citizen. What is previous and revised pension amounts?**
**हाल ही में समाजवादी सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में वृद्धावस्था पेंशन की धनराशि कितने से बढ़ाकर कितनी की गई है?**

(a) ₹ 200 to ₹ 300 per month
₹ 200 से ₹ 300 प्रति माह
(b) ₹ 300 to ₹ 400 per month
₹ 300 से ₹ 400 प्रति माह
(c) ₹ 400 to ₹ 500 per month
₹ 400 से ₹ 500 प्रति माह
(d) ₹ 500 to ₹ 600 per month
₹ 500 से ₹ 600 प्रति माह

**Ans. : (b)** हाल ही में उत्तर प्रदेश राज्य में समाजवादी सरकार ने वृद्धा पेंशन की धनराशि को 300 रु. से बढ़ा कर 400 रु. कर दी गई। ज्ञातव्य है कि अब मुख्यमंत्री पेंशन योजना के अंतर्गत वृद्धा पेंशन की धनराशि 1000 रु. कर दी गयी है।

**74. For the year 2015 who has been awarded 'Arjuna Award' for the National Game of India'?**
**वर्ष 2015 का भारत के राष्ट्रीय खेल के लिये अर्जुन पुरस्कार किसे दिया गया?**

(a) Sreejesh Ravindran/श्रिजेश रवीन्द्रन
(b) Abhilash Mahatra/अभिलाश म्हात्रे
(c) Babita Kumari/बबिता कुमारी
(d) Satish Sivalingam/सतीश शिवलिंगम

**Ans. : (a)** वर्ष 2015 का भारत के राष्ट्रीय खेल (हॉकी) के लिए अर्जुन पुरस्कार 'श्रिजेश रवीन्द्रन' को दिया गया है। अभिलाश म्हात्रे को कबड्डी में, बबिता कुमारी को कुश्ती में तथा सतीश शिवलिंगम को भारोत्तोलन में अर्जुन अवार्ड प्रदान किया गया। वर्ष 2017 के लिए राष्ट्रीय खेल (हॉकी) के लिए अर्जुन पुरस्कार एस.पी. सुनील को दिया गया है। जसबीर सिंह को कबड्डी में, सत्यवती काडियन को कुश्ती में, चेतेश्वर पुजारा और हरमनप्रीत को क्रिकेट में तथा साकेत माइनेनी को टेनिस में अर्जुन पुरस्कार प्रदान किया गया।

**75. Which of the following pairs is incorrect?**
**निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

(a) Baburnama - Babur/बाबरनाम - बाबर
(b) Shahjahan nama - Mohd. Taahir
शाहजहाँ नाम - मुहम्मद ताहिर
(c) Humayun nama - Humayun
हुमायूँ नामा - हुमायूँ
(d) Tuzuk-e-Jahangiri - Jahangir
तुजुक-ए-जहाँगीरी - जहाँगीर

**Ans. : (c)** सुमेलित हैं –

| | | |
|---|---|---|
| बाबर नामा | – | बाबर |
| शाहजहाँ नामा | – | मुहम्मद ताहिर इनायत खान |
| हुमायूँ नामा | – | गुलबदन बेगम |
| तुजुक-ए-जहाँगीरी | – | जहाँगीर |

**76. Article-368 of the Constitution of India deals with-**
**भारतीय संविधन के अनुच्छेद-368 का सम्बन्ध किससे है?**

(a) formation/establishment of Finance Commission/वित्त आयोग के गठन से
(b) process of Constitution amendment/ संविधान संशोधन प्रक्रिया से
(c) emergency regulation/आपातकालीन उपबन्ध से
(d) formation/establishment of Election Commission / निर्वाचन आयोग के गठन से

**Ans. : (b)** भारतीय संविधान अनुच्छेद 368 का संबंध संविधान में संशोधन करने की संसद की शक्ति और उसकी प्रक्रिया से है।

**77. To select the entire text in a document in computers, which keys should be pressed?**
**किसी कंप्यूटर में कौन-कौन सी कम्प्यूटर कुंजी दबाने से सम्पूर्ण आलेख का चयन किया जाता है?**

(a) CTRL + K (b) CTRL + A
(c) ALT + F5 (d) SHIFT + A

**Ans. : (b)** किसी कम्प्यूटर में 'CTRL + A' कुंजी दबाने से सम्पूर्ण आलेख का चयन किया जाता है।

**78. What will be the decimal equivalent for binary number 1011?**
**बाइनरी संख्या (Binary number) 1011 का दशमलव समतुल्य क्या होगा?**

(a) 8 (b) 9
(c) 11 (d) 15

**Ans. : (c)** बाइनरी संख्या 1011
$= 1\times2^0 + 1\times2^1 + 0\times2^2 + 1\times2^3$
$= 1 + 2 + 0 + 8$
$= 11$

**79. Which one of the following options is not associated with computer system?**
**निम्नलिखित में से क्या कम्प्यूटर प्रणाली से सम्बन्धित नहीं है?**

(a) PPP (b) FTP
(c) URL (d) EPF

**Ans. : (d)** PPP (पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन), FTP (फाइल ट्रांसफर प्रोटोकाल) तथा URL (यूनिफार्म रिसोर्स लोकेटर) का संबंध कम्प्यूटर प्रणाली से है। EPF (कर्मचारी भविष्य निधि) का संबंध कम्प्यूटर प्रणाली से नहीं है।

**80. Permanent Memory of a computer is known as-**
**किसी कम्प्यूटर की Permanent Memory क्या कहलाती है?**

(a) RAM (b) CD-ROM
(c) ROM (d) CPU

**Ans. : (c)** ROM (Read Only Memory) एक भण्डारण का माध्यम है जिसका प्रयोग कम्प्यूटर तथा विभिन्न इलेक्ट्रानिक उपकरणों में किया जाता है। ROM कम्प्यूटर की Permanent Memory तथा RAM (Random Access Memory) कम्प्यूटर की अस्थाई मेमोरी होती है।

ROJGAR With ANKIT